**Roll No.**

# DAV BR PUBLIC SCHOOL, BINA
## SAMPLE PAPER
## ANNUAL EXAM 2023-24

**Class:- IX** **Sub.-HINDI**

**Time- 3Hour** **M.M.- 80**

## सामान्य निर्देश:

**इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग, घ |**

**चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**यथासंभव प्रत्येक खंड के क्रमशः उत्तर दीजिये |**

## खंड – 'क' (अपठित बोध )

**प्रश्न-1) निम्नलिखित गद्यांश को को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

**[1x5=5]**

हमारे देश में एक ऐसा भी युग था, जब नैतिक और आध्यात्मिक विकास ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य माना जाता था। अहिंसा की भावना सर्वोपरि थी। आज पूरा जीवन-दर्शन ही बदल गया है। सर्वत्र पैसे की हाय-हाय तथा धन का उपार्जन ही मुख्य ध्येय हो गया है, भले ही धन उपार्जन के तरीके गलत क्यों न हों? इन सबका असर मनुष्य के प्रतिदिन के जीवन पर पड़ रहा है। समाज का वातावरण दूषित हो गया है, बाह्य वातावरण तो दूषित है ही। आज सब जानते हैं कि पर्यावरण की समस्याएँ कितनी चिंतनीय हो उठी हैं। इन सबके कारण मानसिक और शारीरिक तनाव-खिंचाव और व्याधियाँ पैदा हो रही हैं। पर्यावरण की समस्याओं के कारण मानव-समाज ही नहीं, बल्कि समस्त प्राणियों के सामने जीवन-मरण की भयावह समस्या खड़ी हो गई है। बदलते हुए जीवन-दर्शन के प्रभाव से ही हमारा जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

**प्रश्न**

I. प्रस्तुत गद्यांश में कैसे युग की बात की जा रही है?

(क) नैतिक और आध्यात्मिक विकास की

(ख) पर्यावरण की समस्याओं की

(ग) जीवन-मरण की

(घ) धनार्जन की

II. वर्तमान जीवन-दर्शन में क्या परिवर्तन आया है?

(क) धन उपार्जन के लिए गलत तरीके अपनाना

(ख) जीवन-दर्शन में बदलाव

(ग) समाज का दूषित वातावरण

(घ) शारीरिक और मानसिक तनाव-खिंचाव

III. 'जीवन-मरण' में कौन-सा समास है?

(क) अव्ययीभाव समास

(ख) द्वंद्व समास

(ग) तत्पुरुष समास

(घ) बहुव्रीहि समास

IV. 'प्रतिदिन' में कौन-सा समास है?

(क) अव्ययीभाव समास

(ख) द्वंद्व समास

(ग) तत्पुरुष समास

(घ) बहुव्रीहि समास

V. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(क) जीवन-दर्शन में बदलाव

(ख) नैतिक युग

(ग) जीवन का लक्ष्य

(घ) अहिंसा

**प्रश्न-2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

**[1x5=5]**

जय बोलो उस धीरव्रती की, जिसने सोता देश जगाया

जिसने मिट्टी के पुतलों को वीरों का बाना पहनाया।

जिसने आज़ादी लेने की एक निराली राह निकाली

और स्वयं उस पर चलने में जिसने अपना शीश चढ़ाया।

घृणा मिटाने को दुनिया से लिखा लहू से जिसने अपने

"जो कि तुम्हारे हित विष घोले, तुम उसके हित अमृत घोलो।"

कहीं बेड़ियाँ औ हथकड़ियाँ, हर्ष मनाओ, मंगल

गाओ किंतु यहाँ पर लक्ष्य नहीं है, आगे पथ पर पाँव बढ़ाओ।

आज़ादी वह मूर्ति नहीं है जो बैठी रहती मंदिर में

उसकी पूजा करनी है तो नक्षत्रों से होड़ लगाओ।

हल्का फूल नहीं आज़ादी, वह है भारी ज़िम्मेदारी

उसे उठाने को कंधों के, भुजदंडों के, बल को तोलो।

**प्रश्न-**

I. "सोता देश जगाया"-पंक्ति से क्या आशय है?

II. प्रस्तुत कविता किसे केंद्र में रखकर लिखी गई है?

III. मिट्टी के पुतलों से क्या तात्पर्य है ?

IV. 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

V . 'बल' शब्द में उचित उपसर्ग लगाकर नया शब्द बनाइए |

## खंड 'ख' [व्याकरण]

**प्रश्न -3) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिये -**

निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **[1x4=4]**

i. **'दार्शनिक'** शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
   क) नक
   ख) निक
   ग) शनिक
   घ) इक

ii. **'समाज'** शब्द में इक प्रत्यय लगने पर सही शब्द रूप होगा-
   क) सामाजिक
   ख) समाजिक
   ग) सामाजीक
   घ) सामसिक

iii. **'दुर्भाग्य'** शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
   क) दूर
   ख) दुर्
   ग) भाग्य
   घ) दुर

iv. **'प्रत्युपकार'** शब्द में उपसर्ग है-
   क) प्रत्य
   ख) कार
   ग) प्रति
   घ) प्रत्युप

v. **'पंचायत'** शब्द में कौन-सा प्रत्यय हैं?
   क) आयत
   ख) चायत
   ग) त

घ) यत

**2. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

[1x4=4]

**a.** **'गंगातट'** शब्द कौन-सा समास है?
- क) द्वन्द्व समास
- ख) अव्ययीभाव समास
- ग) तत्पुरुष समास
- घ) कर्मधारय समास

**b.** कौन-सा समास समूह या समाहार का बोध कराता है?
- क) द्विगु
- ख) द्वंद्व
- ग) अव्ययी भाव
- घ) बहुव्रीहि

**c.** **'चक्रपाणि'** में कौन-सा समास है ?
- क) अव्ययी समास
- ख) द्वंद्व
- ग) कर्मधारय
- घ) बहुव्रीहि समास

**d.** **'अपना- पराया'** में कौन-सा समास है ?
- क) बहुव्रीहि समास
- ख) तत्पुरुष समास
- ग) कर्मधारय समास
- घ) द्वंद्व

**e.** **'पंचामृत'** में कौन-सा समास है ?
- क) अव्ययीभाव
- ख) बहुव्रीहि
- ग) कर्मधारय
- घ) द्विगु

3. **निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**[1x4=4]**

**a.** अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए – "हमारी जाति का यह धर्म नहीं है |"
- क) आज्ञावाचक
- ख) निषेधवाचक
- ग) विधानवाचक
- घ) इच्छावाचक

**b.** अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए-
हो सकता है गिरीश का काम बन जाए।
क) आज्ञावाचक
ख) इच्छावाचक
ग) संदेहवाचक
घ) संकेतवाचक

**c.** अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए-
अगर लोग कोरोना का टीका नहीं लगवाएँगे तो सबको कोरोना हो जाएगा।
क) संकेतवाचक
ख) आज्ञावाचक
ग) इच्छावाचक
घ) संदेहवाचक

**d.** अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए-
आशा करता हूँ कि तुम सफल रहो ।
क) प्रश्नवाचक
ख) इच्छावाचक
ग) संकेतवाचक
घ) निषेधवाचक

**e.** अर्थ की दृष्टी से वाक्य भेद बताइए-
हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हैं ?
क) संदेहवाचक वाक्य
ख) प्रश्नवाचक वाक्य
ग) विधानवाचक वाक्य
घ) आज्ञावाचक वाक्य

**4. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**a.** निम्नलिखित में कौन-सा अलंकार है? **[1x4=4]**
" बंदउ गुरु पद पदुम परागा |
सुरुचि सुबास सरस अनुरागा ||''
क) अनुप्रास
ख) मानवीकरण
ग) यमक
घ) रूपक

**b.** **''जेते तुम तारे तेते नभ में न तारे हैं''**
पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
क) यमक अलंकार
ख) रूपक अलंकार
ग) उपमा अलंकार
घ) अनुप्रास अलंकार

**c.** निम्नलिखित पंक्ति में अलंकार बताइए-
**ज्यों-ज्यों बूढ़े स्याम रंग त्यों-त्यों उज्ज्वल होय।**
क) भ्रांतिमान
ख) अनुप्रास
ग) विरोधाभास
घ) अतिशयोक्ति

**d.** दिवसावसान का समय मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या-सुन्दरी परी-सी धीरे-धीरे-धीरे।
उक्त पद्य में कौन-सा अलंकार है?
क) रूपक और मानवीकरण दोनों
ख) उपमा
ग) यमक और श्लेष दोनों
घ) श्लेष

**e.** **गुन करि मोहि सूर सँवारे को निरगुन निरबैहै।** पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
क) यमक अलंकार
ख) रूपक अलंकार
ग) अनुप्रास अलंकार
घ) उपमा अलंकार

## खंड 'ग' (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न-4) अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**
**[1x6=6]**

जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को परले दराजे का बेवकूफ़ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ़ है या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है; किंतु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी।

1. प्रस्तुत गद्यांश में किसके सीधेपन के बारे में बताया गया है?
   क) गधे के
   ख) कुत्ते के
   ग) बैल के
   घ) भैंस के
2. किस तरह के आदमी को गधे की संज्ञा दी जाती है?

क) इनमें से कोई नहीं
ख) बुद्धिमान व्यक्ति को
ग) बिल्कुल बुद्धिहीन व्यक्ति को
घ) सीधे-साधे व्यक्ति को

3. **निरापद सहिष्णुता** से क्या अभिप्राय है?
क) बुद्धिहीन व्यक्ति की सहनशीलता
ख) बुद्धिमान व्यक्ति की सहनशीलता
ग) किसी को विपदा में डालने वाली सहनशीलता
घ) किसी को विपदा में न डालने वाली सहनशीलता

4. किस जानवर को कभी क्रोध करते न देखा और न सुना गया?
क) गधे को
ख) कुत्ते को
ग) गाय को
घ) बैल को

5. **निरापद** में कौन-सा उपसर्ग है?
क) निर्
ख) निरा
ग) निर
घ) नि

6. असंतोष का विलोम शब्द लिखिए |

**प्रश्न-5) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए | [2x4=8]**

1. कहानी 'दो बैलों की कथा' में बैलों के माध्यम से कौन – कौन से नीति विषयक मूल्य उभरकर आए हैं ?
2. 'तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे' के माध्यम से लेखक हरिशंकर परसाई क्या कहना चाहता है?
3. जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के सन्दर्भ में स्वप्न जैसा क्यों कहा है ?
4. **उपभोक्तावाद की संस्कृति** पाठ के आधार पर पाँच सितारा सुविधाएँ लेने के क्या कारण हो सकते हैं?
5. "जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है |" इस कथन का क्या तात्पर्य है ?

**प्रश्न-6) दी गयी काव्य पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिये: [2x3=6]**

मोको कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में।
खोजी होय तो तुरते मिलिहौं, पल भर की तालास में।

1. पद्यांश में किसे ढूँढने की बात हो रही है?
क) मस्जिद को

ख) देवता को
ग) कबीर को
घ) ईश्वर को

2. लोग ईश्वर को प्राय: कहाँ ढूँढते हैं?
   क) अपने अंतर्मन में
   ख) इनमें से कोई नहीं
   ग) मंदिर, मस्जिद, काबा और कैलाश में
   घ) अपने आसपास
3. ईश्वर को बाहर खोजना क्यों व्यर्थ है?
   क) क्योंकि वह कैलाश पर निवास करता है
   ख) क्योंकि वह मस्जिद में है
   ग) क्योंकि वह मंदिर में निवास करता है
   घ) क्योंकि ईश्वर सर्वव्यापी है
4. सच्चा साधक ईश्वर को कैसे खोज सकता है?
   क) इनमें से कोई नहीं
   ख) बाह्य आडंबरों के बिना
   ग) बाह्य आडंबरों के बिना और सच्चाई का मार्ग अपनाते हुए दोनों
   घ) सच्चाई का मार्ग अपनाते हुए
5. **सब स्वाँसों की स्वाँस में** पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
   क) श्लेष
   ख) उपमा
   ग) अनुप्रास
   घ) रूपक

## खंड –'घ' (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न-7) पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- [2x4=8]**

a. अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं ?
b. मेघ रूपी मेहमान आने से प्रकृति में क्या – क्या परिवर्तन हुए ?
c. 'कैदी और कोकिला' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।
d. गोपी कृष्ण की मुरली को होंठों पर क्यों नहीं रखना चाहती है?
e. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के सामान क्यों है ?

**प्रश्न-8) पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 -शब्दों में लिखिए- [2x3=6]**

1. **इस जल प्रलय में** पाठ के अनुसार लेखक की बाढ़ से घिरे द्वीप पर टहलने की इच्छा अधूरी क्यों रह गई?
2. "शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है" – इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिये |
3. **रीढ़ की हड्डी** एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है ? क्या आज भी हमें इस समस्या का भयंकर रूप दिखाई देता है ?

**प्रश्न-9) नीचे दिए गए** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए। **[1x5=5]**

**1. अनुशासित दिनचर्या**

- जीवन में अनुशासन की अपेक्षा
- अनुशाषित क्रियाकलाप का लाभ
- देश के प्रति कर्तव्य
- उपसंहार

**अथवा**

**मन के हारे हार है मन के जीते जीत** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।

- निराशा अभिशाप
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

**अथवा**

'**गया समय हाथ नहीं आता**' विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।

- समय लौटता नहीं
- उचित समय का लाभ लेना आवश्यक
- कोइ उदाहरण

**प्रश्न-10)** आपके मोहल्ले में विगत एक माह से चोरी की बहुत-सी वारदातें होती आ रही हैं। थानाध्यक्ष महोदय को कई पत्र लिखने पर भी कोई सुधार नहीं हुआ है। अतः अपने जिले के पुलिस अधीक्षक/आयुक्त महोदय को पत्र लिखकर तुरन्त कार्यवाही करने हेतु प्रार्थना कीजिए। **[1x5=5]**

**अथवा**

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कार प्राप्ति की प्रसन्नता का वर्णन करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

**प्रश्न-11) "करत – करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान"** उक्ति के आधार पर लगभग 100-120

शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

**[1x5=5]**

**अथवा**

विद्यालय से दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य abcschool@gmail.com को एक ईमेल लिखिए क्योंकि आपको बुखार आ गया है।

प्रश्न-१२) बड़े भाई के साथ अपनी परीक्षा की तैयारी संबंधी होने वाले संवाद को लिखिए | **[1x5=5]**

**अथवा**

विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए |

---------------------------------------------------------------------------------------